

## मनोज बाजपेयी की सास शकीला का निधन, दिल्ली रवाना हुआ पूरा परिवार

ऐक्टर मनोज बाजपेयी की वाइफ शबाना रजा ऊर्फ नेहा की मां शकीला रजा का निधन हो गया है। उन्होंने 10 फरवरी की सुबह दिल्ली में अंतिम सांस ली। लंबी बीमारी के कारण पिछले कई दिनों से उनकी हालत क्रिटिकल थी। ये दुखद खबर सुनकर मनोज शूटिंग छोड़कर पूरे परिवार के साथ मुंबई से दिल्ली रवाना हुए। मनोज बाजपेयी की सास पिछले 12 साल से कैंसर से जूझ रही थीं। शबाना ने पिछले साल अपने पिता को खो दिया था और इस बार उनकी मां भी चल बसीं। ऐक्टर के घर में ये तीसरी मौत है। उनके पिता आरके बाजपेयी ने भी पिछले साल इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। उनकी उम्र 83 साल थी। सास की मौत की खबर सुनकर मनोज तुरंत दिल्ली के लिए रवाना हो गए। वो किसी प्रोजेक्ट की शूटिंग कर रहे थे। मनोज बाजपेयी ने एक दिन पहले इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था। ये रील आजकल काफी फेमस हो रहा है, जिसमें ऐक्टर्स अपनी फिल्मों में निभाए उनके पॉप्युलर किरदारों के नाम गिना रहे हैं। इसमें लिखा है, मेरा नाम है मनोज बाजपेई, लेकिन लोग मुझे बुलाते हैं– सरदार खान, श्रीकांत तिवारी... । इन नामों के साथ उनकी फिल्मों के सीन भी हैं।

## दीपिका पदुकोण के लिए बेकाबू चीयरलीडर बने रणवीर सिंह

दीपिका पदुकोण की फिल्म गहराइयां 11 फरवरी को ओटीटी पर रिलीज होगी। सिद्धांत चतुर्वेदी से लेकर अनन्या पांडे और खुद दीपिका जहां फिल्म्म के प्रमोशन से लेकर स्पेशल स्क्रीनिंग में व्यस्त हैं, वहीं रणवीर सिंह भी अपनी हमदम के लिए चीयरलीडर बन गए हैं।
दीपिका और रणवीर सिंह का नया वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों कार में ही फिल्म के सॉन्ग बेकाबू पर थिरक रहे हैं। रणवीर पहले भी दीपिका की इस फिल्म को गाहे–बगाहे प्रमोट करते नजर आए हैं। ऐक्ट्रेस की यह फिल्म अपने इंटीमेट सीन्स को लेकर खूब चर्चाओं में है। रणवीर ने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा है, सभी कूल बच्चे ये कर रहे हैं। इस पर दीपिका ने कॉमेंट करते हुए प्यार बरसाया है। ऐक्ट्रेस ने लिखा, मेरे सबसे बड़े चीयरलीडर! लव यू। ऐक्ट्रेस डायना पेंटी ने भी कॉमेंट में दोनों हाथ उठाकर इमोजी पोस्ट किया है। फैंस भी दीपिका और रणवीर को साथ में नाचते देख दीवाने हो रहे हैं और उन पर खूब प्यार बरसा रहे हैं। बीते महीने दीपिका पादुकोण के जन्मदिन पर भी रणवीर ने बर्थडे पोस्ट के जरिए गहराइयां का प्रमोशन किया था। ऐक्टर ने दीपिका की वेकेशन वाली तस्वीर शेयर की, जिसमें वह समंदर में नजर आ रही हैं।

## अमोल पालेकर अस्तपाल में भर्ती, पत्नी संध्या गोखले ने दी हेल्थ अपडेट



डायरेक्टर,प्रोड्यूसर और ऐक्टर अमोल पालेकर की अचानक तबीयत खराब हो गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। 77 साल के अभिनेता को पुणे के दीनानाथ मंगेशकर हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया था। एबीपी की रिपोर्ट मुताबिक अमोल पालेकर की पत्नी ने बताया कि चिंता की कोई बात नहीं है। वह रिकवर कर रहे हैं। अमोल पालेकर जी की तबीयत में पहले से सुधार है। सोशल मीडिया पर जैसे ही ऐक्टर की तबीयत की खबरें सामने आईं उनके फैंस चिंतित हो गए।
अभिनेता की पत्नी संध्या गोखले ने बताया, ये उनकी पुरानी बीमारी है। 10 साल पहले भी वह ज्यादा स्मोक करने के चलते हॉस्पिटल में भर्ती हुए थे। फिलहाल वह स्वस्थ हैं। बता दें अमोल पालेकर ने हाल ही में 12 साल के बाद 200 – हल्ला होश से कमबैक किया था। ये फिल्म दलित महिलाओं की एक सच्ची कहानी से प्रेरित थी जिसमें उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी।
एक इंटरव्यू में अमोल पालेकर ने बताया था कि वह 12 साल तक क्यों फिल्मों से दूर रहे। उन्होंने कहा कि स्क्रीन से दूर रहने का कारण यही था कि अच्छे रोल की कमी थी। पुराने ऐक्टर्स को बेकार के रोल पकड़ाए जा रहे हैं। ऐसे में मुझे ये ठीक नहीं लगा। मैं सिर्फ उन्हीं रोल को करना पसंद करता हूं जिसमें कुछ चैलेंजिंग हो।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# आफताब शिवदासानी का छलका आउटसाइडर होने का दर्द

*आफताब शिवदासानी ने चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर मिस्टर इंडिया फिल्म से बॉलिवुड में शुरुआत की। राम गोपाल वर्मा की मस्त और मुकेश भट्ट की कसूर जैसी फिल्मों से लीड ऐक्टर के तौर पर खुद को साबित किया। आफताब ने चॉकलेटी बॉय वाली इमेज भी बनाई और नेगेटिव किरदारों में भी खूब पसंद किए गए। लेकिन धीरे–धीरे 2013 के बाद वह पर्दे से दूर हो गए। अब ओटीटी के जरिए उन्होंने वापसी की है। स्पेशल ऑप्स 1.5 में उन्हें खूब पसंद किया गया। आफताब का वो दर्द छलका है, जिसके बारे में हमेशा से ही बॉलिवुड को कोसा जाता रहा है। आफताब ने कहा है कि वह इंडस्ट्री के लिए हमेशा एक आउटसाइडर रहे हैं। वह फिल्मी फैमिली से नहीं हैं और इसलिए उन्हें खूब स्ट्रगल करना पड़ा है।*



**मेरे लिए स्क्रिप्ट और रोल रखते हैं मायने**

आफताब ने 2020 में ओटीटी पर डेब्यू किया, इसके बाद से वह लगातार वेब शोज में नजर आ रहे हैं। ऐक्टर ने इस पर कहा, यह बहुत अच्छा रहा है। मैंने अपने दोनों शोज का पूरा लुत्फ उठाया है। लेकिन सच कहूं तो मेरे लिए मीडियम उतना मायने नहीं रखता, जितना कि स्क्रिप्ट, रोल और परफॉर्मेंस। फिर चाहे वह फिल्म हो या शो मेरा यही तरीका है।

**मुझे पसंद आते हैं कसूर जैसे नेगेटिव रोल्स**

आफताब से पूछा गया कि क्या ओटीटी ने कॉन्टेंट के मामले में दर्शकों का टेस्ट बदल दिया, ऐक्टर ने कहा, हां, कहानियों के मामले में ओटीटी स्पेस ने बहुत कुछ बदल दिया है, क्योंकि यहां सेंसरशिप का डर नहीं है और बहुत अधिक स्वतंत्रता है। आफताब कहते हैं कि वह हमेशा से नेगेटिव रोल ज्यादा करना चाहते थे। उन्होंने यह बात फिर से दोहराई है। वह कहते हैं, मैंने नेगेटिव रोल्स का जिक्र इसलिए किया है कि 2001 में अपनी दूसरी फिल्म कसूर में मेरा ऐसा ही रोल था। मुझे उसे निभाने में बहुत मजा आया। बेशक, मुझे पॉजिटिव रोल्स पसंद हैं, लेकिन कभी–कभी नेगेटिव या ग्रे शेड कैरेक्टर प्ले करना ज्यादा अच्छा लगता है।

**करियर कैसे बनाना है, कोई सलाह देने वाला नहीं था**



अपने अब तक के करियर पर बात करते हुए आफताब कहते हैं, एक चाइल्ड आर्टिस्ट से मैंने शुरुआत की। सच तो यह है कि चाइल्ड आर्टिस्ट और लीड एक्टर का एक–दूसरे से कोई लेना–देना नहीं है। मैंने एक चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर स्कूल में रहते हुए टीवी विज्ञापनों के लिए ऑडिशन दिया है। मुझे ऐक्टिंग के साथ–साथ कैमरा भी पसंद था। मैंने फिर साल 1999 में मस्त से लीड ऐक्टर के तौर पर शुरुआत की। राम गोपाल वर्मा ने मुझे कोला ड्रिंक के ऐड में देखकर ही वह रोल दिया था। हां, उसके बाद का सफर आसान नहीं रहा, क्योंकि मैं किसी फिल्मी परिवार से नहीं हूं। तो कोई मुझे सलाह नहीं दे रहा था या मुझे यह नहीं बता रहा था कि मैं अपने करियर को कैसे प्लान करूंगा। मुझे यह सब खुद ही करना था।

**फैंस ने मुश्किल वक्त में भी साथ दिया**

आफताब आगे कहते हैं, श्असल में, मेरे पास इसका कोई और तरीका नहीं था। साथ ही, मैं इस बात से इनकार नहीं करूंगा कि यह आसान नहीं रहा है, क्योंकि सही तरह का काम और फिल्में पाने के लिए काफी स्ट्रगल करना पड़ा है। जिन चीजों ने मुझे आगे बढ़ाया है, वह है खुद पर और मेरे फैंस पर मेरा विश्वास, जिन्होंने मेरी पहली फिल्म के बाद से ही मेरा सपोर्ट किया है। मैं भगवान और उन लोगों का आभारी हूं, जिन्होंने मुश्किल समय में मेरा साथ दिया।

**क्यों धीमी पड़ गई आफताब की रफ्तार?**

आफताब ने इससे पहले बीते साल जून महीने में अपने करियर के स्लो डाउन होने पर भी चुप्पी तोड़ी थी। ऐक्टर ने तब कहा था, मैंने हमेशा क्वालिटी पर फोकस किया है। मैं हमेशा स्टैंडर्ड हाई रखकर ऊंचा उठा हूं। मैं किसी भी चीज के पीछे दौड़ने और जो भी मेरे पास आया, उसे स्वीकार करने में भरोसा नहीं रखता हूं। मैं ऐसा काम करना चाहता था जो मेरी क्रिएटिविटी की भूख को शांत करे।

# लॉक अप की होस्ट कंगना रनौत का धाकड़ फर्स्ट लुक रिलीज




*कंगना रनौत का फर्स्ट लुक इस रियालिटी शो लॉक अप से रिलीज कर दिया गया है। कंगना रनौत के फर्स्ट लुक होने के साथ ही ट्विटर और इंस्टाग्राम पर #KanganaKaLockUpp जमकर ट्रेंड कर रहा है। इस पोस्टर में कंगना रनौत धाकड़ अवतार में नजर आई हैं। गोल्डन सूट बूट में वह हाथ में हथकड़ी लिए कैदियों पर शूज रखे नजर आ रही हैं।*

एमएक्स प्लेयर और ऑल्ट बालाजी का नया रियलिटी शो लॉक अप – बैडएस जेल अत्याचारी खेल, लगातार चर्चा में हैं। अब कंगना रनौत का फर्स्ट लुक इस रियालिटी शो से रिलीज कर दिया गया है। इस पोस्टर में कंगना रनौत धाकड़ अवतार में नजर आई हैं। गोल्डन सूट बूट में वह हाथ में हथकड़ी लिए कैदियों पर शूज रखे नजर आ रही हैं। उनके लुक को देख अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस शो में कितना हंगामा देखने को मिलेगा।
कंगना रनौत के फर्स्ट लुक होने के साथ ही ट्विटर और इंस्टाग्राम पर #KanganaKaLockUpp जमकर ट्रेंड कर रहा है। लॉक अप 27 फरवरी से दोनों प्लेटफॉर्म्स पर चौबीसों घंटे सातों दिन लाइव स्ट्रीम होगा। पहली बार बॉलिवुड क्वीन कंगना रनौत होस्ट के रूप में दिखेंगी। लॉक अप को लेकर वह भी काफी एक्साइटिड हैं। हाल में ही इस शो का लॉन्च कार्यक्रम भी रखा गया था जहां कंगना रनौत और शो की प्रॉड्यूसर एकता कपूर भी नजर आई थीं।
बताया जा रहा है कि लॉक अप पहला कैप्टिव रियलिटी शो है, जो नए कॉन्सैप्ट पर आधारित है। इसमें 16 विवादास्पद हस्तियों को 72 दिनों के लिए कैद कर दिया जाएगा और उनकी सुविधाएं छीन ली जाएंगी। ऐसी अफवाहें हैं कि मॉडल पूनम पांडे समेत कई विवादित कंटेस्टेंट इस शो में नजर आने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो शहनाज गिल, चेतन भगत और रोहमन शॉल जैसे इंडस्ट्री के जाने–माने चेहरों को इस शो का कंटेस्टेंट बनाने के लिए संपर्क किया गया है। वहीं सोशल मीडिया पर जारी चर्चा की मानें तो उर्फी जावेद, मल्लिका शेरावत और श्वेता तिवारी जैसी हसीनाओं को लेकर भी चर्चा की जा रही है।